**भास्कर खास** दुनियाभर के सेंटर्स में एआई बना टैलेंट स्काउट; कई खेलों से लेकर ओलिंपिक तक में इस्तेमाल

# मैदान से पहले मशीन करेगी फैसला कि कौन बच्चा किस खेल के लायक: स्पीड, फोकस और फिटनेस डेटा से तय होगा भविष्य

श्रद्धा पाठक | नई दिल्ली

कई देश बच्चों की खेल प्रतिभा की पहचान के लिए एआई-आधारित सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे तय होता है कि कोई बच्चा किस खेल के लिए उपयुक्त है और फिर उसी दिशा में उसकी ट्रेनिंग होती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ काम कर चुकीं स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट संजना किरण बताती हैं, 'एआई से कोच, न्यूट्रिशनिस्ट और साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ी की हार्ट रेट वेरिएबिलिटी, रिकवरी टाइम आदि का विश्लेषण करते हैं, जिससे उन्हें पीक परफॉर्मेंस तक पहुंचने में मदद मिलती है।'

## शारीरिक और मानसिक फिटनेस तय करती है खेल

एआई बच्चों की स्पीड, एक्यूरेसी, फोकस आदि पर उनका मूल्यांकन करता है। एआई बच्चों की ऊंचाई, वजन, मांसपेशियों की ताकत, बॉडी स्ट्रक्चर के साथ-साथ निर्णय-क्षमता, फोकस रिएक्शन टाइम को एनालाइज करता है। इसके बाद सिस्टम बच्चे के डेटा की तुलना टॉप खिलाड़ियों के प्रदर्शन और विशेषताओं से करता है। जितना बच्चा इन गुणों के करीब होता है, उतनी ही संभावना होती है कि वह भविष्य में उस खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा।

## भारत सरकार की 'कीर्ति' योजना से पहचान रहे टैलेंट

भारत सरकार की 'कीर्ति' (Khelo India Rising Talent Identification) योजना के तहत बच्चों की फिटनेस, कौशल, क्षमता का मूल्यांकन एआई से किया जा रहा है। वहीं, वडोदरा क्रिकेट एसोसिएशन ने भी 'क्रिकसेंटर एआई' टेक्नीक अपनाई है। यह सिस्टम खिलाड़ियों के हर शॉट, रन-अप, बॉल रिलीज, गेम के बाद के आंकड़ों का विश्लेषण करता है। कोच इसकी मदद से खिलाड़ी की कमियों और सुधार की संभावनाओं को समझ सकते हैं।

## सेनेगल में 6 गांवों के 1000+ बच्चों का डेटा जांचा जबकि नीदरलैंड्स में स्काउटिंग आसान हुई

**सेनेगल:** एआई कैमरे बच्चों की स्पीड, एक्सेलेरेशन, पावर और फुर्ती जैसे डेटा पॉइंट्स मापते हैं। इससे छह गांवों के 1000+ बच्चों में से 40 को नेशनल ओलिंपिक प्रोग्राम में शामिल किया।

**अमेरिका:** यहां 'स्टूडेंट एथलीट एडवाइजर' नाम का एआई टूल बच्चों के मैच वीडियो और फिटनेस डेटा का विश्लेषण कर बताता है कि कौन भविष्य का स्टार बन सकता है। यह चोट की संभावना और ट्रेनिंग प्लान भी तय करता है।

**नीदरलैंड्स:** फुटबॉल क्लब अयाक्स ने एआई वीडियो एनालिसिस से युवाओं की स्काउटिंग प्रक्रिया को 70% तेज और 45% अधिक सटीक बना दिया है।

**ऑस्ट्रेलिया:** 'YouFor2032' ऐप के जरिए 8-30 साल के युवाओं की शारीरिक क्षमता और खेल प्रदर्शन मापा जा रहा है।

**फ्रांस:** ओलिंपिक में लगा एआई सिस्टम दर्शकों को उनकी शारीरिक क्षमताओं के आधार पर बताता था कि वे किस खेल के लिए उपयुक्त हैं।